# सूरज पे मंगल भारी के मराठी लुक से फातिमा सना शेख ने किया प्रभावित

ब्लॉकबस्टर फिल्म दंगल में हरियाणा की पहलवान की भूमिका से लोकप्रिय हुई अभिनेत्री फातिमा सना शेख आगामी फिल्म सूरज पे मंगल भारी में मराठी महिला के किरदार में नजर आएंगी। उनके सह-कलाकार मनोज वायपेयी ने इंस्टाग्राम पर अपनी, फातिमा और सुप्रिया पिलगांवकर के साथ की तस्वीर साझा की।

महाराष्ट्र की लोकप्रिय साड़ी पहने दोनों अभिनेत्रियों के साथ साझा की गई तस्वीर के कैप्शन में अभिनेता ने लिखा, सूरज पे मंगल भारी की महिलाओं के साथ ट्रेन पर।

एक सूत्र ने कहा, फातिमा ने फिल्म के शुरू होने से पहले अपने किरदार में खुद को ढालने के लिए शारीरिक ढंग, हावभाव पर काम किया। फिल्म के लिए उन्होंने खुद में कई बदलाव किए हैं, दर्शकों को उनके किरदार में वास्तविकता का पुट मिलेगा।

फिल्म के लिए फातिमा को चुने जाने के सवाल पर निर्देशक अभिषेक शर्मा ने कहा, उनके चरित्र में एक दोहरी शख्सियत है जिसके लिए हमें एक ऐसे अभिनेत्री की आवश्यकता थी जो समान सहजता के साथ रहस्यमय और मुखर भूमिका निभा सके।

सूरज पे मंगल भारी एक पारिवारिक कॉमेडी फिल्म है, जो ९० के दशक के मुंबई पर आधारित है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ भी हैं। फिल्म को जी स्टूडियोज प्रोड्यूस कर रहा है।

# लगातार 23 घंटे तक शूटिंग करती रहीं अनन्या पांडे

बॉलिवुड की नई सनसनी अनन्या पांडे ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद फिल्म पति पत्नी और वो में कार्तिक आर्यन के साथ साथ उनकी ऐक्टिंग को काफी सराहा गया था। इस समय वह अपनी अगली फिल्म खाली पीली की शूटिंग कर रही हैं। फिल्म में अपने रोल को बेहतरीन बनाने के लिए वह कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही हैं। एक हालिया खबर की मानें तो आनन्या इस समय लगातार 23 घंटे तक भी काम कर रही है।

सूत्रों की मानें तो लगातार शूटिंग के अलावा अनन्या नरेशंस में शामिल होना और इवेंट्स में शामिल होने जैसे अपने प्रफेशनल कमिटमेंट पूरे कर रही हैं। एक सूत्र ने बताया, अनन्य इस समय लगातार अपनी शूटिंग और अन्य कामों में बिजी है। हाल में खाली पीली के एक शेड्यूल के दौरान उन्होंने सुबह 8 बजे शूटिंग शुरू की और अगली सुबह तक वह शूटिंग करती रहीं। अनन्या ने एक ही बार में लगभग 23 घंटे से ज्यादा की शूटिंग की।

उन्होंने आगे बताया, अनन्या के पास इस समय वक्त की काफी कमी है लेकिन उनका कोई भी काम छूट नहीं रहा है। वह एक गाने के लिए शूटिंग कर रही हैं, इवेंट्स में शामिल हो रही हैं। स्क्रिप्ट के रीडिंग सेशन में शामिल हो रही हैं और २०२० में उनकी कई फिल्में आने वाली हैं जिसके लिए वह शूटिंग कर रही हैं। फरवरी के अंत में ही अनन्या कुछ और फिल्मों की शूटिंग भी शुरू कर देंगी। बता दें कि ईशान खट्टर के साथ वाली खाली पीली के अलावा अनन्या ने एक और फिल्म भी साइन की है जिसमें उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और दीपिका पादुकोण दिखाई देंगे।

# मुझे कभी किसी ने प्रपोज नहीं किया है: दिशा पाटनी

इस समय बॉलिवुड की सबसे फिट और ग्लैमरस ऐक्ट्रेसेस में दिशा पाटनी का नाम शामिल नहीं किया जाए, ऐसा हो ही नहीं सकता। दिशा की अभी कुछ ही फिल्में आई हैं लेकिन उनकी लंबी-चौड़ी फैन फॉलोइंग है। वैसे पिछले काफी दिनों से दिशा और टाइगर श्रॉफ के कथित अफेयर के काफी चर्चे रहे हैं। हालांकि इस पर दोनों ने ही हमेशा खामोशी बरती है। वैसे अगर दिशा की मानें तो आज तक उन्हें कभी किसी लड़के ने प्रपोज नहीं किया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, खुद दिशा ने ऐसा कहा है कि उन्हें किसी लड़के ने प्रपोज नहीं किया है। हाल में दिशा अपनी हालिया रिलीज फिल्म मलंग के कारण चर्चा में हैं और इसी के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें किसी ने प्रपोज नहीं किया। दिशा ने कहा, दरअसल स्कूल में टॉमबॉय थी, इसलिए किसी ने प्रपोज नहीं किया।

दिशा ने आगे यह भी कहा कि उनके पिता पुलिस में रहे हैं इसलिए भी शायद किसी ने उनसे पूछा नहीं। उन्होंने कहा, डैड पुलिस में थे, किसी ने पूछा नहीं कभी। फिर कॉलेज में भी किसी ने नहीं पूछा। फिर इधर आ गई। इधर कोई पार्टी-वार्टी में नहीं जाती हूं तो मिली नहीं किसी से। सैड लाइफ रही है काफी।

इस समय फिल्म मलंग में दिशा की परफॉर्मेंस की काफी तारीफ हो रही है। इस समय वह सलमान खान के ऑपोजिट फिल्म राधे: योर मोस्ट वॉन्टेड भाई में काम कर रही हैं जिसका डायरेक्शन प्रभुदेवा कर रहे हैं। इसके अलावा वह एकता कपूर की फिल्म केटिना में भी दिखाई देंगी।

# अब मैं जो भी कहता हूं उसके बारे में सचेत रहता हूं : सिद्धांत चतुर्वेदी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



फिल्म गली बॉय से चर्चा में आए अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी मीडिया से बातचीत के दौरान अपने हंसमुख स्वभाव व बेबाकी के लिए जाने जाते हैं, लेकिन उनका कहना है कि उनके शब्दों का अकसर गलत मतलब निकाला जाता है, इसलिए वह अपने शब्दों पर लगाम कसने और सचेत रहने पर ध्यान दे रहे हैं।

पिछले साल एक साक्षात्कार में इंडस्ट्री के नवागंतुक कलाकारों के साथ हुई एक बैठक में बॉलीवुड में नेपोटिज्म के उनके बयान ने बड़ी संख्या में लोगों के ध्यान को अपनी ओर आकर्षित किया था। इस कार्यक्रम में उनके साथ अनन्या पांडे भी मौजूद थीं।

सिद्धार्थ ने बताया, अब मैं जो भी कहता हूं उसके प्रति सचेत रहता हूं। अपने दिमाग में चलने वाली बातों को सोच-समझकर बयां करता हूं क्योंकि मैंने महसूस किया है कि शायद मैं जो कहूं उसका गलत अर्थ निकाला जा सकता है। किसी भी सवाल का जवाब मस्ती या मजाक में देने का मैं आदी रहा हूं, क्योंकि असल जिंदगी में मैं ऐसा ही हूं, लेकिन इसका तात्पर्य किसी को दुख या ठेस पहुंचाने से नहीं है। मैं बस अपने दिल की बात करता हूं। हालांकि हर बार मेरे शब्दों का गलत अर्थ निकाला जाता है, इसलिए मैं सचेत हो गया हूं। देखिए मैं मजाकिया और हाजिरजवाब हूं। मैं ऐसा ही हूं।

सिद्धांत फिलहाल फिल्म बंटी और बबली 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं जिसमें रानी मुखर्जी और सैफ अली खान भी हैं। वरुण वी. शर्मा इसके निर्देशक हैं और आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं। यह साल २००५ में आई सुपरहिट फिल्म बंटी और बबली का सीक्वेल है।

उन्हें यह किरदार कैसे मिला? इसके जवाब में सिद्धांत कहते हैं, ईमानदारी से कहूं, तो मैंने इस फिल्म के लिए ऑडिशन नहीं दिया। वरुण ने मुझे इसकी कहानी सुनाई और पूछा कि क्या मैं बंटी का किरदार निभाने के लिए तैयार हूं। मैंने कहा कि क्यों नहीं, निश्चित तौर पर मैं इस फिल्म में काम करना चाहूंगा। इसी के साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प है। जिन्हें साल २००५ में आई फिल्म बंटी और बबली पसंद आई, उन्हें यह फिल्म और भी ज्यादा पसंद आएगी।

इसी के साथ सिद्धांत फिल्मकार शकुन बत्रा के निर्देशन में बनने वाली एक और फिल्म में भी नजर आएंगे जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनन्या पांडे हैं।

सिद्धांत कहते हैं, एक के बाद एक मेरी कई परियोजनाएं हैं। मैं एक किरदार से दूसरे किरदार की जिंदगी को जी रहा हूं। एक टाइम था, जब मैं वेला था, अब तो बहुत काम कर रहा हूं। ईश्वर की मेहरबानी है।

# महाभारत मेरी अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट: दीपिका



बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का कहना है कि महाभारत उनकी अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। दीपिका पादुकोण माइथोलॉजिकल स्टोरी बेस्ड महाभारत में काम करने वाली हैं। इस फिल्म में दीपिका, द्रौपदी के किरदार में नजर आएंगी। दीपिका ने अपनी आने वाली फिल्म महाभारत को लेकर बात की है।

उन्होंने कहा, मैं फिल्म बनाने के लिए घोषणा करने में विश्वास नहीं रखती। मैंने इस प्रोजेक्ट को काफी सोच-समझकर लिया है। मैं छपाक के प्रमोशंस में व्यस्त थी, इसलिए इस फिल्म के लिए बैठकर चर्चा करने का वक्त नहीं था। हमें अभी कास्ट और क्रू भी फाइनल करने हैं।

महाभारत में दीपिका दूसरी बार बतौर प्रोड्यूसर भी काम करेंगी। इस फिल्म को दीपिका, मधु मंटेना के साथ मिलकर प्रोड्यूस करेंगी। दीपिका ने कहा, महाभारत को बनाना दूसरी फिल्मों की तरह नहीं है। प्रोडक्शन स्केल से लेकर बजट और कॉस्ट्यूम्स तक, इसमें पांच गुना ज्यादा मेहनत लगेगी।मैं कम समय में इसे नहीं कर सकती। ये मेरी अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है।

# हरभजन की डेब्यू फिल्म में उनके साथ रोमांस करेगी लोसलिया मारियानेसान

भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह अब फिल्मी पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। हरभजन फिल्म फ्रेंडशिप से ऐक्टिंग में डेब्यू जा रहे हैं। इसमें उनके साथ तमिल बिग बॉस 3 से चर्चा में आईं ऐक्ट्रेस लोसलिया मारियानेसान मुख्य भूमिका में होंगी। बता दें कि मारिया साउथ के बिग बॉस सीजन 3 की फाइनलिस्ट हैं। इस शो को साउथ के दिग्गज स्टार कमल हासन होस्ट करते हैं।

साउथ ऐक्ट्रेस मारिया के फैंस के लिए यह बड़ी खुशखबरी है। मारिया बड़े पर्दे पर भी धमाल मचाने जा रही हैं। इस फिल्म का पोस्टर जारी कर दिया गया है। पोस्टर के बाद फिल्म निर्माताओं ने यह खुलासा किया है कि इसमें लोसलिया भी होंगी।

लोसलिया ने खुद अपने इंस्टा पर भी फैंस को इसकी जानकारी दी है। उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, आप सभी के प्यार और आशीर्वाद से मैं हिंदी सिनेमा में काम करने जा रही हूं। हरभजन सिंह सर इस फिल्म में लीड रोल में हैं। मैं पूरी टीम को यह खूबसूरत रोल देने के लिए शुक्रिया अदा करती है। थैंक्यू ऑल। मारिया इन दिनों साउथ में बिग बॉस के कारण काफी जाना-पहचाना नाम बन गई हैं। फाइनल तक पहुंचना यूं भी आसान नहीं होता। पर, मारिया ने जिस दिमाग से बिग बॉस में खुद को ढाला और आगे बढ़ती गई, वह काबिलेतारीफ है। काफी जाना-पहचाना नाम बन गई हैं। फाइनल तक पहुंचना यूं भी आसान नहीं होता। पर, मारिया ने जिस दिमाग से बिग बॉस में खुद को ढाला और आगे बढ़ती गई, वह काबिलेतारीफ है।

सिल्वर स्क्रीन पर अपना जलवा बिखेरने के लिए हरभजन तैयार हैं। हरभजन सिंह फिल्म भारतीय सिनेमा में ऐसा पहली बार होगा, जब किसी फिल्म में भारतीय क्रिकेटर लीड रोल में होगा। फिल्ममेकर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की है। इससे पहले जारी पोस्टर के साथ लिखा गया, भारतीय सिनेमा में पहली बार। भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह अपकमिंग फिल्म फ्रेंडशिप में लीड रोल प्ले करेंगे। इस फिल्म के पोस्टर में किसी का चेहरा तो नहीं दिख रहा है लेकिन इसमें हथकड़ी लगे हुए दो हाथ और क्रिकेट का खाली मैदान दिख रहा है। अब मारिया के जुड़ने से फिल्म को लेकर दिलचस्पी और बढ़ गई है।